वेबसाईट : www.abvp.org
पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 2 जून 2023

**-:शोक संदेश:-**

## विज्ञान भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री जयंत सहस्त्रबुद्धे जी का निधन राष्ट्र के लिए अपूरणीय क्षति - अभाविप

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक व विज्ञान भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री जयंत सहस्त्रबुद्धे जी के निधन पर शोक व्यक्त करती है। विज्ञान के क्षेत्र में भारतीयता आधारित विचारों के अनुरूप शोध व नवाचार की दिशा में कार्य करने हेतु जयंत सहस्त्रबुद्धे जी ने अनेक युवाओं व वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित किया। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में विज्ञान व वैज्ञानिकों के योगदान पर उन्होंने देश में उल्लेखनीय तथा सार्थक संवाद उत्पन्न करने में सफल भूमिका निभाई। उनके मार्गदर्शन में आरंभ हुआ विज्ञान भारती के अनेक प्रकल्पों का कार्य देशहित में नई दिशा का अन्वेषण करने वाला है।

महाराष्ट्र में सन् 1966 ई. में जन्मे श्री जयंत सहस्त्रबुद्धे जी बाल्यकाल से ही प्रखर मेधा के धनी रहे, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र की नौकरी छोड़ उन्होंने संघ प्रचारक के रूप में देशसेवा का व्रत लिया। माता-पिता की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पृष्ठभूमि से उन्हें देशसेवा तथा समाज उत्थान का जो भाव प्राप्त हुआ, वह उनके जीवनकाल में किए गए अनेक सकारात्मक कार्यों में सहज ही प्रदर्शित होता था। विज्ञान भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री के दायित्व के पूर्व उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कोंकण प्रांत प्रचारक, गोवा विभाग प्रचारक आदि दायित्वों पर रहते हुए राष्ट्र सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजशरण शाही, राष्ट्रीय महामंत्री श्री याज्ञवल्क्य शुक्ल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री आशीष चौहान तथा अभाविप के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रा. मिलिंद मराठे ने सभी अभाविप कार्यकर्ताओं की शोक संवेदनाओं को व्यक्त करते हुए श्री जयंत सहस्त्रबुद्धे जी की आत्मा की सद्गति हेतु प्रार्थना की, जयंत सहस्त्रबुद्धे जी का निधन राष्ट्र के लिए अपूरणीय क्षति है। श्री जयंत सहस्त्रबुद्धे जी के विचार तथा कार्य लोगों के लिए प्रेरणा के माध्यम के रूप में मार्ग प्रशस्त करेंगे।

---

**(यह शोक संदेश केंद्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगंबर पवार द्वारा जारी किया गया है।)**